संशोधित प्रेस–विज्ञप्ति

राजस्व विभाग, उ0प्र0 — लेखपाल भर्ती परीक्षा– 2015

जनपद का नाम – इटावा — परीक्षा का नाम : लेखपाल

राजस्व

विज्ञापन संख्या– 705 /भूलेख–2015 — दिनांक : 02 जुलाई ,2015

आवेदन पत्र स्वीकार (Submit) किये जाने की अंतिम तिथि– 22 जुलाई, 2015

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि– 21 जुलाई 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30–08–2015 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा ऑन–लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम	पदनाम	दिनांक 01 जुलाई 15 को आयु	वेतनमान	कुलरिक्त पदों की संख्या	अना–रक्षित	अनु–सूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे–2000)	123	94	20	2	7	माध्यमिकशिक्षा परिषद,उ0प्र0की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोईअन्यपरीक्षा में उत्तीर्ण	1–प्रादेशिक सेना मेंन्यूनतम दो वर्षकी अवधि तक सेवा की हो, या 2–राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाणपत्र प्राप्तकिया हो

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अंर्तगत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– ऑन–लाइन फार्म दिनांक 22–07–2015 तक जमा किये जा सकेंगे। अनारक्षित (सामान्य) और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/–(+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/–(+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालन के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4– प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस संबंध में कोई भी प्रार्थनापत्र स्वीकार नहीं होगा।

5– परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा। परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंध में तिथि समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेशपत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की बेबसाइट **http://bor.up.nic.in** और जिले की वेबसाइट **http://etawah.nic.in** पर उपलब्ध होगा।

6– ऑन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रासंगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण परिषद के बेबसाइट **http://bor.up.nic.in** और जिले की वेबसाइट **http://etawah.nic.in** पर उपलब्ध होगा।

Lek 2015

7– लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 के संबंध में पूर्व में दिनांक 18–06–2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क/फार्म स्वीकार (**Submit**) किये जा चुके हैं, उन अभ्यर्थियों द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क/फार्म नहीं भरे जायेगें। उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिए भी मान्य होगा।

(नितिन बंसल)
अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी,
इटावा।

कार्यालय जिलाधिकारी, इटावा।

पत्र सं0 705 /स0भू0अ0–सात 2015 दिनांक : 02–07–2015

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 अनुभाग–4, लखनऊ को प0सं0 2133/4–34ए दिनांक 02.07.15 के अनुपालन में द्वारा फैक्स 0522–2020485, 2628726

2– आयुक्त महोदय, कानपुर मण्डल, कानपुर को प0सं01024–29 दिनांक 02.07.15 के अनुपालन में द्वारा फैक्स का0 5012–2304480, आवास 0512–2526258

3– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, इटावा को जनपदीय वेवसाईट पर प्रसारित करने/ई–मेल द्वारा मा0 राजस्व परिषद को भेजने हेतु।

4– सहायक निदेशक सूचना/जिला सेवायोजन अधिकारी, इटावा।

5– सम्पादक, दैनिक जागरण/अमर उजाला–कानपुर को इस निर्देश के साथ कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन अपने समाचार पत्र में न्यूनतम स्थान में दिनांक 04–07–2015 के पूर्व कराकर बिल दो प्रतियों तथा दरें सहायक निदेशक सूचना, इटावा से प्रमाणित कराकर कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

6– नाजिर सदर, कलैक्ट्रेट/जजी/विकास भवन, इटावा को कार्यालय को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

(नितिन बंसल)
अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी,
इटावा।